हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 15 जुलाई 2024

07 पिपरिया के चिकित्सालय को उपचार की दरकार ...




08 सरकार ने महाविद्यालय के विकास के लिए किए ...





### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के शुभारंभ अवसर पर बोले शिक्षा मंत्री उदय प्रताप

# विद्यार्थी जी जान से पढ़ाई करें, प्रोफेसर समर्पित भाव से विद्यार्थियों का जीवन निखारें

सरकार महाविद्यालय में सभी प्रकार के संशाधन जुटाकर भेज सकती है, लेकिन अंत में विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करनी होगी। यह बात रविवार शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के शुभारंभ अवसर पर शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रोफेसरों को भी समपिर्त भाव से बच्चों को ज्ञान अर्जन करने में मदद करनी होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सरकार महाविद्यालय में सभी प्रकार के संशाधन जुटाकर भेज सकती है लेकिन अंत में विद्यार्थियों को पढाई में मेहनत करनी होगी। प्रोफेसरों को भी समपिर्त भाव से बच्चों को ज्ञान अर्जन करने में मदद करनी होगी। आज शासकीय नर्मदा महा विद्यालय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बन गया है। पूरे प्रदेश में मात्र 55 महाविद्यालयों को ही यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सबसे पहले म.प्र. ने अपना कर लागू किया है। म.प्र. पहला ऐसा राज्य है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अपने महाविद्यालयों में शिक्षा दे रहा है।




### प्रोफेसर विद्यार्थियों के जीवन को सवारने जी-जान लगाएं

स्कूल शिक्षा मंत्री राव ने कालेज के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रोफेसर विद्यार्थियों का जीवन सवारने में अपना जी जान लगा दें। उन्होने कहा कि प्रोफेसर बच्चों के जीवन को संवारने में यदि मेहनत करेंगे तो बच्चों को भी जीवन में आगे बढने का अवसर मिलेगा।

मंत्री राव ने कहा कि माता पिता के बाद शिक्षकों का आदर किया जाता है। अतः शिक्षक महाविद्यालय में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग कर देश के लिए नया भविष्य गढे। उन्होने बताया कि नर्मदापुरम जिले में 40 से 50 करोड की लागत से सीएम राईज स्कूल बनाए जा रहें है।

### विद्यार्थी जिले का नाम रोशन करें : सांसद दर्शन सिंह

नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बताया कि वे स्वयं इस विद्यालय के छात्र रहें है। उन्होने कहा कि इस महाविद्यालय से ऐसी प्रतिभाएं निकलें जो संपूर्ण भारत वर्ष में नर्मदापुरम जिले का नाम रोशन करें। उन्होने कहा कि आने वाले समय में महाविद्यालय का महत्व बढेगा। भोपाल के छात्र भी यहां पर एडमीशन लेना चाहेंगे। चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य लेकर चले और उस लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता हासिल करें।

### व्यवसायिक पाठ्क्रम शुरू होंगे: राज्यसभा सांसद नारोलिया

राज्य सभा सांसद माया नरोलिया ने नर्मदा महाविद्यालय का चयन प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालय होने पर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि महाविद्यालय में व्यवसायिक पाठ्यक्रम भी शुरू किया जाएगा, जिससे स्वरोजगार प्राप्त होगा।

### जिस कॉलेज की नींव पिता ने रखी वह भव्य रूप ले रहा हैः विधायक

नर्मदापुरम विधायक डॉ सीताशरण शर्मा ने कहा कि आज उन्हें यह देखकर बहुत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि जिस महाविद्यालय की नींव उनके पिता ने रखी थी आज वो भव्य रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि नर्मदा महाविद्यालय हमेशा टॉप पर रहा है और आज वो उत्कृष्ट होने जा रहा है। सरकार ने अपना काम कर दिया है अब छात्रों की जिम्मेदारी है कि वे अपनी पढाई से महाविद्यालय को उच्चतम स्तर पर लें जाए।

### भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा : कलेक्टर

इसके पूर्व कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित कॉलेज का चयन प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस के लिए किया गया है। महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा को बढावा देने के लिए 1 कक्ष बनाया गया है विद्या वन भी स्थापित किया गया है। मुख्य विषयों के पाठ्य पुस्तक विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाएंगे। कैम्पस डवलपमेंट के लिए राशि प्राप्त हुई है। वाणिज्य भवन, होस्टल, पार्किंग, सांस्कृतिक भवन का निर्माण किया जाएगा।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ओएन चौबे, सोहागपुर विधायक विजय पाल सिंह, नर्मदापुरम संभागायुक्त केजी तिवारी, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर पटेल, जिपं सीईओ सौजान सिंह रावत, सहित जनप्रतिनिधिगण, महाविद्यालय के छात्र छात्राएं, प्रोफेसर मौजूद रहे।

# फीस बढ़ाने पर हुए एक्शन का विरोध आज से जिले के सभी निजी स्कूल बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोपास संगठन नर्मदापुरम ने सभी निजी विद्यालयों से आह्वान किया गया है कि सरकार द्वारा फीस विनिमियन में दी जाने वाली जानकारी जिस पोर्टल के माध्यम से ली जा रही है उस ऑनलाइन पोर्टल में अत्यधिक खामियां हैं। विद्यालय संचालकों द्वारा यह मांग की जा रही है कि प्रशासन पहले फीस जानकारी एकत्र करने वाले पोर्टल में सभी आवश्यक सुधार करे और उसके पश्चात आने वाले आगामी सत्र से सभी स्कूल संचालकों को व्यवस्थित प्रशिक्षण देकर उस पोर्टल में जानकारी देने हेतु आदेशित करें। फीस विनिमियन द्वारा मध्यप्रदेश के राजपत्र 2020 में यह स्पष्ट उल्लेखित है की सभी निजी विद्यालयों को फीस से संबंधित जानकारी पोर्टल के माध्यम से ही देना है लेकिन शासन द्वारा यह पोर्टल जिसे 2020 में शुरू होना था वह पोर्टल सरकार द्वारा 2024 में शुरू किया गया है और प्रशासन द्वारा 2024 में पोर्टल शुरू करने के पश्चात 2020-21 से सभी स्कूलों से फीस की जानकारी मांगी जा रही है। इन छात्रों के दौरान कॉविड काल के दौरान इन शिक्षा सत्रों में स्वयं शासन द्वारा और सुप्रीम कोर्ट द्वारा फीस को लेकर अलग-अलग निर्णय दिए गए हैं। जिसके कारण पोर्टल पर वास्तविक जानकारी भरने में अत्यंत असुविधा हो रही है किसके कारण शासन और स्कूल संचालक दोनों ही भ्रम की स्थिति में है स्कूल संचालकों का सिर्फ एक ही मांग है कि सिर्फ आप पोर्टल को दुरुस्त कर फीस विनियम जानकारी भरने के लिए सभी शाला संचालकों को प्रशिक्षण दें। चूंकि आपके द्वारा इस पोर्टल पर अभी भी काम शेष है सो इसे दुरस्त कर इसे आगामी सत्र से प्रारंभ करें। शान द्वारा हमारी जायज मांग को स्वीकार करना चाहिए धीरे-धीरे प्रदेश के अन्य जिले भी अनिश्चितकालीन बंद की ओर अग्रसर होंगे।

इस संबंध में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने हड़ताल को लेकर निजी स्कूल संचालकों से कहा है कि स्कूल संचालक देश की व्यवस्था का सबसे जिम्मेदार व्यक्ति होता है। वह अगर हड़ताल पर जाने का गैर जिम्मेदार निर्णय करेगा तो उसके परिणाम ठीक नहीं होंगे।

### सिकमी पर भूमि नीलामी की कार्रवाई 15 को

**नर्मदापुरम।** न्यायालय नायब तहसीलदार नर्मदापुरम ग्रामीण ने बताया है कि अनुविभागीय अधिकारी होशंगाबाद के राजस्व प्रकरण क्रमांक 28/बी-121/2008-09 आदेश दिनांक 13/11/2009 के द्वारा तहसीलदार होशंगाबाद को सार्वजनिक न्यास कमांक 326/55 नर्मदा जी मंदिर नर्मदापुरम की राजस्व निरीक्षक मण्डल' -02 नर्मदापुरम पटवारी हल्का नंबर 18 ग्राम कुलामंड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 59, 62, 66, 366 कुल रकबा 11.913 हेक्टेयर में से एक हेक्टेयर भूमि सड़क निर्माण में अधिग्रहीत होने के कारण शेष बची भूमि 10.913 हेक्टेयर भूमि का रिसीवर नियुक्त किया गया है। बताया गया है कि कृषि वर्ष 2024-25 के लिये उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि रकबा 10.913 हेक्टेयर कृषि कार्य हेतु सिकमी नीलामी पर दिया जाने हेतु ग्राम पंचायत कुलामडी, नर्मदापुरम में 15 जुलाई को दोपहर 2 बजे स्थान : ग्राम पंचायत कुलामडी, नर्मदापुरम में नीलामी की कार्यवाही संपादित होगी।

# युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के मालाखेड़ी में एक युवक ने आत्महत्या कर ली। युवक का नाम विनोद कुसारिया 40 साल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। सुसाइड नोट नहीं मिला है। इसलिए आत्महत्या का कारण साफ नहीं हो पाया है।

विनोद कुसारिया की आत्महत्या के पहले चार अन्य लोग आत्महत्याएं चुके हैं। एक सप्ताह में हुई इन घटनाओं से लोग सकते में हैं। पांच आत्महत्या में से पुलिस को सिर्फ डॉ. जीसी सोनी की आत्महत्या मामले में सुसाइड नोट मिला था, बाकी के कारण अभी तक साफ नहीं हो पाए हैं। देहात थाने से मिली जानकारी के अनुसार मालाखेड़ी में रहने वाले विनोद कुसारिया ने घर में ही फांसी लगाई है। उसने ऐसा क्यों किया यह साफ नहीं हो पाया है। मर्ग कायम कर पुलिस ने पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। अभी परिजनों के बयान नहीं हो पाए हैं। बयान के बाद ही कारण सामने आ सकता है। पुलिस कल के बाद बयान दर्ज करेगी।

वहीं शहर में अन्य आत्महत्या के कारण की जांच भी पुलिस कर रही है। शहर में हाल ही में 4 अन्य लोगों ने भी यह कदम उठाया है। इसमें पीलीखंती का भी एक युवक शामिल है। पुलिस सभी के परिजनों से बयान ले रही है।

# जिला अस्पताल में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की कवायद जारी, महिलाएं कराएं उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम डॉ दिनेश देहलवार ने बताया है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नेशनल प्रोग्राम के अंतर्गत प्रदेश के समस्त जिलों सहित नर्मदापुरम जिले में 30 से 65 वर्ष की आयुवर्ग की महिलाओं में सरवाईकल कैंसर की जाँच की जाती है। जॉच उपचार उपरांत उनकी प्रविष्टि एनसीडी पोर्टल पर की जाती है।

उन्होंने बताया है कि विश्व स्तर पर महिलाओं में सरवाईकल कैंसर सबसे आम स्त्रीरोग संबंधी कैंसर है। महिलाओं में यह सभी घातक बीमारियों में तीसरे स्थान पर है तथा महिलाओ की युवा आबादी में सामान्यतः पायी जाने वाली बीमारी है। सरवाईकल कैंसर की शुरूआती अवस्था में महिलाओं में कोई लक्षण नजर नही आते है। शुरूआती अवस्था में सरवाईकल कैंसर का पता लगने पर इसका उपचार आसान रहता। बताया गया है कि महिला में सर्वाईकल कैंसर के प्रमुख लक्षणों में अनियमित महावारी, सफेद एवं बदबूदार वेजाईनल स्त्राव, रजोनिवृत्ति उपरांत रक्त स्त्राव, पेट एवं कमर दर्द, सरवाईकल कैंसर की जॉच के माध्यम से की जाती है, यह एक साधारण परीक्षण है जिसके द्वारा आसामान्य कोशिकाओं का पता लग जाता है। सरवाईकल कैंसर की रोकथाम और प्रबंधन में की जांच महत्वपूर्ण है।

एक विशेष प्रकार हाईरिस्क स्ट्रेन 16 और 18 सर्विक्स के कैंसर के लिये अत्याधिक होता है। बताया है कि जिला चिकित्सालय में के द्वारा भी सर्वाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग की जाती है। 30 से 65 वर्ष आयुवर्ग की महिलाओं की सरवाईकल कैंसर की जाँच प्रशिक्षित गायनेकोलाजिस्ट (मास्टर ट्रेनर), चिकित्सा अधिकारी तथा स्टॉफ नर्स के द्वारा की जाती है। महिलाओं में स्क्रीनिंग की आवृत्ति 5 वर्ष में एक बार की जाती है। अगर महिलाओं में VIA पॉजिटिव हैं तो महिला को आगे के मूल्यांकन, प्रबंधन के लिए सामु. स्वा. केन्द्र, जिला अस्पताल पर रेफर किया जाता हैं। जहां गायनेकोलाजिस्ट, प्रशिक्षित महिला चिकित्सा अधिकारी उपलब्ध होते हैं।

जिला चिकित्सालय में द्वारा उपचार किया जाता है। बताया गया है कि 9 से 15 वर्ष आयुवर्ग की बच्चियों में 2 डोज 6 महिने के अंतराल से लगाये जाते है। 15 से 45 वर्ष आयुवर्ग की महिलाओं को 3 टीके लगते है, दूसरा टीका पहले टीके के एक माह पष्चात एवं तीसरा टीका पहले टीके के 6 माह पश्चात लगता है। विदित हो कि नर्मदापुरम जिले में इस वित्तीय वर्ष रेफर का 1 प्रकरण दर्ज हुआ हैं।

# सेठानी घाट के पास पलटी बोलेरो, बड़ी दुर्घटना टली



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में सेठानी घाट, खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास रविवार शाम करीब 5 बजे एक बोलेरा गाड़ी पलट गई। जिससे गाड़ी तिरजी हो गई। गाड़ी में बैठे ड्राइवर समेत चार लोग सुरक्षित है। गाड़ी पलटने की घटना एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। साफ तौर नजर आ रहा कि बुलेरा गाड़ी तेज रफ्तार से आई और सीधे पलट गई। गाड़ी पलटने के बाद लोग मदद के लिए दौड़ें।

शुक्र है कि घटना के वक्त सड़क पर आसपास कोई खड़ा नहीं था। गाड़ी एमपी 04टीबी 2545 है। जिसमें चार लोगों के बैठे थे। किसी को भी चोट नहीं आई। सभी सुरक्षित है। बोलेरो का पावर स्टेरिंग लॉक होने गाड़ी के अनियंत्रित होने की बात पता चली है। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

# भाजपा की संगठनात्मक बैठक में जनप्रतिनिधियों ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक का आयोजन रविवार को भाजपा कार्यालय में किया गया। बैठक में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने संगठनात्मक चर्चा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन दिया। नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरण शर्मा ने कार्यकर्ताओ को संगठन सत्ता का तालमेल बनाकर कार्यक्रम करने का आग्रह किया। सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने कार्यकर्ताओ को चुनावी समय को लेकर बधाई दी। जिला कोषाध्यक्ष नगर मंडल प्रभारी लोकेश तिवारी ने मंडल में होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की। भाजपा परिवार मे शोक संवदेना का प्रस्ताव का वाचन कर श्रद्धांजलि मंडल उपाध्यक्ष अनुजा मिश्रा ने किया। देश की रात्रपति सम्मानित द्रोपति मुर्मू के अभिभाषण पत्र का वाचन राहुल पटवा ने किया। यशस्वी जननेता आदरणीय नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर 'विस्तारित मंडल कार्यसमिति' बैठक में मंडल मंत्री मनीष परदेसी ने बधाई प्रस्ताव रखा रामू चौहान एवं अर्पित मालवीय ने समर्थन किया। राजनैतिक प्रस्ताव हिना अली खान ने रखा, जिसका समर्थन योगेश सेठा ने किया।

आभार एवं राष्ट्रगान मंडल महामंत्री गोलू तिवारी किया। मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे ने बताया बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित जिला महामंत्री प्रसन्न हर्णे, मुकेश मैना, उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, सह प्रभारी गोविंद राय, सोशल मीडिया जिला संयोजक गजेंद्र चौहान, सह संयोजक राहुल ठाकुर, नमामि देवी प्रकल्प सयोंजिका वंदना दुबे, विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजय श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मोनिका चौकसे आदि मौजूद रहे।

# बस को मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस नर्मदा महाविद्यालय की 2 बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व राज्य सभा सांसद माया नरोलिया एवं विधायक डॉ सीताशरण शर्मा ने भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ कक्ष का अवलोकन किया। और विद्या वन में पौधरोपण किया। संभागायुक्त केजी तिवारी ने भी पौधरोपण किया।

### एमपीसीए ग्राउंड पर किया गया पौधरोपण

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधरोपण कार्यक्रम जारी हैं। रविवार को नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में एमपीसीए ग्राउंड पर वृहद पौधरोपण का कार्य किया गया जिसमे की एमपीसीए क्रिकेट ग्राउंड पर 200 प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए।

पौधरोपण का कार्य नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल फौजदार की अध्यक्षता में किया गया इस अवसर पर नर्मदा पुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनुराग मिश्रा, निर्वेश फौजदार, कुलभूषण मिश्रा, राजेश चौरे, शदिलीप नामदेव, योगेश परसाई, अनंत तिवारी, संजय नाफड़े संजय यदुवंशी, नोहर बिल्थरिया, शफीक खान रामकृष्ण चौरे,



ष्णु प्रसाद बोरासी, शैलेंद्र पवार आकाश चौरे एवं समस्त एनडीसीए ग्राउंड स्टाफ मोजूद थे। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री फौजदार ने कहा कि जीवनदायक प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

# वर्षाकाल में शुद्ध पेयजल व खान पान का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इन दिनों लगातार हो रहे मौसम में परिवर्तन से आम लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जिला मुख्यालय के शासकीय एवं अशासकीय अस्पतालों में वायरल फीवर के अलावा उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि वर्षाकाल में नागरिकों को शुद्ध खान पान से स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि उल्टी दस्त जैसी बीमारियों से बचा जा सके।

### अब तक हुई 201.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

जिले में 1 जून अभी तक में 201.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 226.8 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 14 जुलाई 2024 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 8.4 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 0.0 मिलीमीटर, इटारसी में 3.4 मिलीमीटर, माखननगर में 1 मिलीमीटर, सोहागपुर में 2 मिलीमीटर, पिपरिया में 12.7 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 2.0 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 1.2 एवं तहसील डोलरिया में 0.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है।

अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

महिलाओं के अधिकारों को सामाजिक परंपरा के अनुरूप दिखाया गया

# मझना फिल्म की शूटिंग पूरी, नजर आएंगी आदिवासी परंपराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

महाकाल मोशन पिक्चर्स एवं करण कश्यप फिल्म्स द्वारा निर्मित गोंडी भाषा की फिल्म मझना की शूटिंग संपन्न हो गई है। यह शूटिंग 20 जून से जिले के चिचोली ब्लॉक के ग्राम हरदू में चल रही थी।

अगले माह फिल्म का पहला लुक सामने आ सकता है। फिल्म की खास बात यह है कि इस फिल्म में सभी कलाकार मध्यप्रदेश के ही हैं। फिल्म का विषय आदिवासी परंपराओं पर आधारित है। जिसे बड़े रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। निर्देशक करण कश्यप ने बताया कि फिल्म का ख्याल जहन में वर्षों से था। जिसे अब साकार कर रहे हैं। आदिवासी समाज जमीन का, जंगल का सच्चा मालिक है। इनकी परंपराएं महिला प्रधान हैं। समाज में महिलाओं के अधिकार सर्वाधिक सुरक्षित हैं। जिसे सामाजिक परंपरा के अनुरूप दिखाया गया है। फिल्म में तीन गाने भी हैं, जिन्हें मुंबई के प्रसिद्ध स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया है।

इन गानों को लोक गायक व लोक कलाकार सतीश इवने ने गीतबद्ध किया है। संभवतरू गोंडी भाषा की यह पहली फिल्म होगी जिसे आल इंडिया रिलीज किया जाएगा। फिलहाल अभी पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर फिल्म का पहला लुक आ सकता है। फिल्म के एसोसिएट डायरेक्ट और लाइन प्रोड्यूसर अमित कसेरा ने बताया कि फिल्म में कलाकारों द्वारा भरपूर मेहनत की गई है। हरदू के ग्रामवासियों ने भी शूटिंग के दौरान भरपूर सहयोग किया है। फिल्म निर्मात्री मंजू गौतम ने सहयोग के लिए जिला प्रशासन को भी धन्यवाद प्रेषित किया है।



शूटिंग 20 जून से जिले के चिचोली ब्लॉक के ग्राम हरदू में चल रही थी

फिल्म में तीन गाने भी हैं, जिन्हें मुंबई के प्रसिद्ध स्टूडियो में रिकॉर्ड किया

## जिले के शासकीय जयवंती हक्सर महाविद्यालय को मिला प्रधानमंत्री एक्सीलेंस

नई शिक्षा नीति की प्राथमिकता रोजगारोन्मुखी शिक्षा : विधायक खंडेलवाल

# नई शिक्षा नीति में अपनी संस्कृति व भाषा से जुड़ सकेंगे युवाः अमित शाह

## शिक्षा और विद्यार्थी विषय विशेष तक सीमित नहीं होंगेः मुख्यमंत्री डॉ.यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

राज्य शासन द्वारा लागू नई शिक्षा नीति के अनुक्रम में प्रदेश के 55 जिलों के 55 महाविद्यालयों को प्रधानमंत्री एक्सीलेंस महाविद्यालय के रूप में उन्नयित किया गया। इसी तारतम्य में बैतूल जिले के शासकीय जयवंती हक्सर महाविद्यालय को भी इन 55 महाविद्यालयों में चुना गया है। रविवार को गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा इंदौर से वर्चुअली इन महाविद्यालयों को प्रधानमंत्री एक्सीलेंस महाविद्यालय के रूप में उद्घाटित किया गया।

गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आजादी के 100 वर्ष के भीतर भारत विश्व भर में विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया का प्रतिनिधित्व करेगा और यह शिक्षा की नींव मजबूत किए बिना नहीं होगा, इन शब्दों को सार्थकता प्रदान करेगी नई शिक्षा नीति। यह शिक्षा नीति को 2020 में प्रधानमंत्री मोदी ने इस दूरदर्शिता के साथ आने वाले 25 सालों में होने वाले परिवर्तनों को ध्यान में रखकर तैयार की थी कि हमारे विद्यार्थी इन 25 सालों में विश्व भर के विद्यार्थियों के साथ स्पर्धा के लिए कैसे तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति को मध्य प्रदेश में सबसे पहले राज्य के रूप में उस समय लागू किया गया जब आपके वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव प्रदेश के तत्कालीन शिक्षा मंत्री थे।



### कागजी शिक्षा नहीं रोजगार की शिक्षा

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थी अपने विषय विशेष से हटकर किसी दूसरे विषय की पढ़ाई करना चाहता है तो कर सकते है। उन्होंने कहा कि एविएशन सेक्टर में प्रशिक्षण के अध्याय खुले है। एविएशन से जुड़े अन्य कई क्षेत्रों में भी नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थी शिक्षा के बाद रोजगार के लिए तैयार हो सकेगे। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिनके द्वारा नई शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थी अपने इतिहास को, अपनी संस्कृति को, अपनी भाषा से जुड़ सकेगे। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा नीति के पहले तक कागजी शिक्षा ज्यादा थी। शिक्षा कागजी नहीं रोजगार मूलक होनी चाहिए। आज हम प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक-एक महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयित कर रहे है, जो नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षा देगा।





### काम मांगने वाले नहीं काम देने वाले बने

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति से पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस से विद्यार्थी शिक्षा के साथ रोजगार मूलक पढ़ाई और प्रशिक्षण के पश्चात काम मांगने वाले नहीं काम देने वालों की श्रेणी में होंगे। अभी तक शिक्षा के बाद भी विद्यार्थी रोजगार से नहीं जुड़ पाता है। मैं धन्यवाद देता हूं मुख्यमंत्री जी को जिनके प्रयासों से पीएम एक्सीलेंस महाविद्यालय के माध्यम से विद्यार्थियों को अच्छी लायब्रेरी, एक रुपये प्रतिदिन की दर पर परिवहन सुविधा, अन्य विषय पढ़ने की सुविधा मिलेगी। 11 हजार बच्चों का भविष्य इस कॉलेज से जुड़ा है। इस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर विद्यार्थी रोजगार दे सकेगा के संबंध में स्वयं निर्णय ले सकेगा। विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है जब बैतूल के प्रमुख महाविद्यालय को उन्नयन कर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालय में उन्नयन किया जा रहा है। इस अभिनव प्रयोग के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति लाने का प्रयास प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जा रहा है। उन्हें धन्यवाद देता हूं। बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में जयवंती हक्सर महाविद्यालय में प्रवेश के पूर्व रिबन काटकर प्रधानमंत्री एक्सीलेंस महाविद्यालय में प्रवेश किया। रविधायक चंद्रशेखर देशमुख, डॉ. योगेश पेंडाग्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, आदित्य शुक्ला, मोहन नागर, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी आदि मौजूद थे।

उड़नदस्ते की बीट जांच भी घेरे में

# रिजर्व फॉरेस्ट में दो साल से हो रही गन्ने की खेती





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पश्चिम वन मंडल की सांवलीगढ़ रेंज के रिज़र्व फॉरेस्ट में बीते 2 सालों से गन्ने की खेती हो रही है, इसके अलावा भी बड़े पैमाने पर अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण कर खेत बना लिए है लेकिन वन अमला बेखबर है । अतिक्रमण की सूचना पर डीएफओ ने टीम भेजी तो उन्हें भी मौके पर गन्ना बॉडी लगी होना पाया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सांवलीगढ़ रेंज की धौल सर्किल की चूना गोसाई बीट के कक्ष क्रमांक 1415 रिज़र्व फारेस्ट में बीते 2 सालों से किसान अतिक्रमण कर गन्ना बाड़ी लगा रहा है, लेकिन वन अमला इस सब से बेखबर है। पश्चिम वन मण्डल के डीएफओ वरुण यादव को मिली सूचना के बाद वन

### अतिक्रमण के खिलाफ नहीं हो रही है कार्रवाई

पश्चिम वन मण्डल के अधिकारियों की माने तो सांवलीगढ़ रेंज की बीटों की जांच के लिए समय-समय पर सीसीएफ का उड़नदस्ता भी भेजा जाता है जिससे यदि कोई कर्मचारी कुछ छिपाता है या बीट गस्त नही करता है तो यह उड़नदस्ता कार्यवाही करता है। लेकिन बीते दो सालों में उड़नदस्ते ने भी अतिक्रमण के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की है जिससे उनकी बीट जांच भी सवालों के घेरे में है ।

जिला अस्पताल में किया भर्ती

# मशरूम खाने से एक ही परिवार के 5 लोगों की बिगड़ी तबीयत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ग्राम हिवरखेड़ी में जंगली मशरूम खाने से 5 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक हिवरखेड़ी में एक परिवार ने मशरूम की सब्जी बनाई। जैसे ही भोजन किया परिवार के लोगों की तबीयत बिगड़ गई और उल्टी होना शुरू हो गया। परिवार के सभी लोगों को उल्टी होते देख सभी लोग घबरा गए। मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। तत्काल सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती किया है। जानकारी सामने आई है कि हिवरखेड़ी में घर जंगली मशरूम लाई थी और सभी लोगों ने शुक्रवार रात को मशरूम की सब्जी बनाकर खाई। इसके बाद परिवार के सभी सदस्य बीमार हो गए। मशरूम खाने के बाद तबीयत बिगड़ने पर एक ही परिवार के 5 लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। सभी की हालत स्थिर बनी हुई है। संभावना जताई जा रही है कि जंगली जहरीली मशरूप खाने से सभी की हालत बिगड़ी हो। हालांकि जांच के बाद ही सही जानकारी सामने आएगी।



# खेड़ापति माई मंदिर में कलश यात्रा के साथ भागवत हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

पतोआपुरा खेड़ापति माई मंदिर के प्रांगण में रविवार से भागवत कथा शुरू हो गई है। प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई। इसमें महिला, बच्चे, बुजुर्ग शामिल हुए। कथा वाचक पंडित राम मुद्गल शास्त्री ने बताया कि भागवत कथा ज्ञान गंगा का प्रथम दिवस है। उन्होंने भागवत शब्द के अर्थ का पूर्ण रूपेण महत्व बताया। भ से भक्ति, ग से ज्ञान ,व शब्द से वैराग्य तथा त शब्द से त्याग होता है। उन्होंने बताया जैसे बहती नदियों में गंगा मैया श्रेष्ठ है। ठीक उसी प्रकार देवताओं में भगवान श्री कृष्ण श्रेष्ठ है। वैष्णव में भगवान श्री शंकर श्रेष्ठ हैं। इस प्रकार पुराणों में भागवत सबसे श्रेष्ठ वेद है। उन्होंने बताया कि भागवत कथा सुनने से मुक्ति की प्राप्ति होती है। और सभी ने सुहानी शाम में भगवान की आरती कर, अमृत समान प्रसादी का पुण्य लाभ प्राप्त किया।



पर्यावरण संरक्षण का जिम्मा अब युवाओं पर

# गायत्री परिवार ने किया 25 फलदार पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अखिल विश्व गायत्री परिवार बैतूल श्री राम युवा मंडल इकाई द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर में 25 पौधों का रोपण किया। जिसमें आम, जाम, आंवला आदि छायादार पौधों का रोपण छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। इस मौके पर गायत्री परिवार द्वारा शाला में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को सही मार्ग पर चलने और सत्कर्म की प्रेरणा देते हुए पर्यावरण के महत्व से अवगत कराया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ मधु वर्मा ने पौधों की महत्ता के बारे में छात्रों को बताया कि ऑक्सीजन के बिना हम जीवित नहीं रह सकते। गायत्री शक्ति पीठ बैतूल के ट्रस्टी रोशनलाल पटैया ने कहा कि गायत्री मंत्र संमृद्धि का मंत्र है। सभी के कल्याण के लिए गायत्री मंत्र का जप करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का जिम्मा अब युवाओं पर है। इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ रोशन लाल पटैया, मुकेश वर्मा, हरेंद्र शर्मा, मनीष धोटे, अनिल साहू, आशीष पटैय्या कार्यक्रम मे प्रमुख योगदान शिक्षिका कृष्णा हजारे, राम प्रकाश धुर्वे हरिश्चन्द्र देशमुख, पूनम चंद सिंगारे, रिखीराम मालवीय आदि मौजूद थे।

सुरक्षा का संकल्प भी दिलाया

# शासकीय एकलव्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिये चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर रविवार को शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य रेवाशंकर पंडाग्रे ने बताया कि संचालक कौशल विकास हर्षिका सिंह के निर्देशानुसार आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज की भूतपूर्व सैनिक समिति द्वारा संस्था परिसर में 51 पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा का संकल्प दिलाया गया। दिनेश मस्की ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक पौधों का रोपण कर उनकी देखभाल किए जाने के लिए जनमानस को प्रेरित किया। साथ ही पंढरी डांगे एवं दुर्गा कवडक़र ने सभी से पौधरोपण में बढ़-चढक़र भाग लेने का आव्हन किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की प्रशिक्षण अधिकारी विनिता पाटिल ने किया। इस अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष दिनेश मस्की, कोषाध्यक्ष नामदेव बारस्कर, भूतपूर्व सैनिक संघ के जिलाध्यक्ष पंढरी डांगे, पूर्व अध्यक्ष दिवाकर डांगे, समिति उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे सहित कुन्बी समाज की महिला प्रतिनिधि दुर्गा कवडक़र, सरिता बारस्कर, स्मिता कुबड़े, किरण पांसे, गायत्री पाटनकर, संस्था आईएमसी के अध्यक्ष पीयूष तिवारी, प्राचार्य रेवाशंकर पंडाग्रे, वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी दिलीप कुमार सोनी एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी, अध्यनरत प्रशिक्षणार्थी सहित अन्य भूतपूर्व सैनिक के सदस्यगण उपस्थित हुए।

## भारत भारती के स्थापना दिवस पर परिसर में रोपे 66 पौधे

# मां और पेड़ एक से होते हैं, बिन मांगे ही देते हैंः मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारत भारती आवासीय विद्यालय के 66 वें स्थापना दिवस पर विद्यालय के आचार्यों, छात्रों व समिति सदस्यों ने रविवार को भारत भारती जैविक कृषि प्रक्षेत्र में देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत आम के 66 पौधे रोपे। विधार्थियों ने पौधरोपण के पूर्व लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए रैली निकाली व एक पेड़ माँ के नामष की मानव श्रृंखला के द्वारा आकृति बनाई। स्थापना दिवस पर विधार्थियों को सम्बोधित करते हुए से संस्था के सचिव व जल प्रहरी मोहन नागर ने कहा कि मौसम में आये बदलाव से सम्पूर्ण विश्व चिन्तित है। जनसंख्या के अनुरूप पेड़ों की संख्या कम होने से वैश्विक तापमान में निरन्तर वृद्धि हो रही है तथा ऋतुचक्र में भी बदलाव आ रहा है। जिसके कारण अनेक प्रकार की जैवविविधता नष्ट हो रही है।उन्होंने कहा कि तापमान को सम रखने का काम वृक्ष करते हैं। इसके लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना होंगे। नागर ने कहा कि है कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नागरिकों से आह्वान किया है कि प्रत्येक नागरिक एक पौधा माँ के नाम अभियान में पौधरोपण करें व पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। श्री नागर ने विद्यार्थियों व आमजन से आग्रह किया कि वे परिवार मंल प्रत्येक पुण्य अवसर पर पौधरोपण करें व उसे पेड़ बनायें । उन्होंने कहा कि माँ और पेड़ एक से होते हैं, वे बिन माँगे ही देते हैं। नागर ने भारत भारती के 66 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भारत भारती शिक्षा संस्थान शिक्षा क्षेत्र के साथ जल व पर्यावरण के क्षेत्र भी उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसे ओर गति देने की आवश्यकता है।




### पौधरोपण कर मनाया भाजपा नेता राजा साहू का जन्मदिन

बैतूल । पर्यावरण संरक्षण के उद्धेश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्धारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आज रविवार को बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल द्धारा पटेल वार्ड एवं महावीर वार्ड में पौधरोपण कर आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही भाजपा प्रदेश ओ.बी.सी मोर्चा मीडिया मेंबर व बैतूल जिला काष्ट विनिमार्ता संगठन, सॉ मिल टिम्बर संगठन के अध्यक्ष राजा साहू के जन्मदिन के अवसर उन्हें शुभकामनाएं बधाई प्रेषित कर पौधरोपण कर जन्मदिन मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा युवा नेता संजू सोलंकी, पूरन साहू, पवन यादव, राजेश आहूजा, राजा साहू, अशीष पवार, सौरभ ठाकुर, अनिल पवार,पार्षद रघुनाथ लोखंडे, पार्षद वर्षा रमेश बारस्कर, श्यामराव बारस्कर, बलवीर मालवीय सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नागरिकों ने प्रशासन से की स्वास्थ्य सेवा बेहतर बनाने की मांग

# पिपरिया के चिकित्सालय को उपचार की दरकार, सुविधाओं का अभाव

**शासकीय अस्पताल में मरीजों के उपचार के लिए न तो पर्याप्त सुविधाएं हैं और न ही पर्याप्त चिकित्सक व स्टाफ है। परिणाम स्वरूप इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को प्राथमिक उपचार मिलना भी मुश्किल हो जाता है। नागरिकों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर प्रश्न चिन्ह लगाया है।**




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विगत 9 जुलाई को ग्राम पंचायत सांडिया के पास ग्राम पचवारा के पास बरेली रोड पर टवेरा गाड़ी में सांडिया शादी समारोह से लौट रहे युवा जो गाड़ी आयंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी जिसमें 11 लोग सवार थे जिनमें 6 लोग घायल हो गए और पांच लोगों की मृत्यु हो गई थी।

मामले में शोभित पिता को गब्बर राजपूत निवासी सुभाष वार्ड के द्वारा पिपरिया बीएमओ रिचा कटाक्वार के नेतृत्व में चल रही अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा है कि यह की अस्पताल में तत्काल मौके पर प्राथमिक उपचार मिल जाता तो शायद सोवियत एवं प्रद्युम्न दोनों की जान बच सकती थी। दोनों को अस्पताल जब लाया गया था।

उनकी सांस चल रही थी और उसे समय 25 मिनट पहले अस्पताल प्रबंधन को सूचना दी गई थी इसके बाद भी अस्पताल के द्वारा ना ही एंबुलेंस भेजी गई और न ही किसी तरह की तैयारी देखी गई जिसके कारण लोगों की जान चली गई। उसे समय डॉक्टर प्रखर चिकित्सा अधिकारी जो सांडिया में पदस्थ है वह अस्पताल में पदस्थ थे। उनसे बार-बार कहने के बाद भी घायलों को उपचार नहीं दिया गया। जिसके कारण मौके पर तीन लोग शांत हुए थे लेकिन दो लोग अस्पताल की लापरवाही के कारण मृत्यु हो गई स्वर्ग सुधर गए जबकि अस्पताल में डॉक्टर रिचा कटाक्वार चिकित्सा अधिकारी जो वर्तमान में जिला अस्पताल में पदस्थ है लेकिन उन्हें पिपरिया प्रभारी बीएमओ बनाकर यहां के राजनेताओं के द्वारा लाया गया है जो नेताओं के अलावा किसी की बात को सुनती नहीं है क्योंकि ऐसी स्थिति में जब नेताओं को फोन लगाया गया तब रिचा कटाक्वार मौके पर पहुंची और लोगों को रवाना किया जब एंबुलेंस मांगी गई तो स्टाफ के द्वारा कहा गया कि विधायक या एसडीएम के कहने के बाद ही एंबुलेंस दी जावेगी। विधायक ठाकुर दास नागवंशी का कहना है कि उन्होंने इस तरह के अस्पताल को कोई निर्देश नहीं दिए गए हैं।

एंबुलेंस जनता की सेवा के लिए है जनता के फोन पर तत्काल भेजने के निर्देश दिए गए हैं। यदि वर्तमान में देखा जावे तो अस्पताल में 10 लोगों का कुल स्टाफ है जिनमें रिचा कटाक्वार चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रखर सिंह चिकित्सा अधिकारी भूपेंद्र रघुवंशी डाटा एंट्री ऑपरेटर देवेंद्र पांडेय सहायक ग्रेड 3 बृजेश रघुवंशी एमपीडब्ल्यू वंदना पवार एएनएम गीता धाकड़ एएनएम नमिता वीक एएनएम वैशाली बांधकर एएनएम यह लोग पिपरिया में पदस्थ हैं लेकिन इन लोगों को फिलहाल में जिला अस्पताल सिवनी मालवा सुहागपुर सहित विभिन्न केदो पर अटैच करके रखा गया है उसके अलावा यहां पर नर्सो की कोई सूची नहीं है और न ही कंपाउंडर की कोई सूची है वहीं इमरजेंसी नंबर के लिए भी लोगों को कोई नंबर जारी नहीं किया गया है। परिवार जनों का आरोप है कि यदि अस्पताल प्रबंधन मौके पर इलाज दे देता तो शायद शोएब सहित अन्य लोगों की भी जान बच सकती थी। अरे मैं डॉक्टर रिचा कटाक्वार से बात करनी चाहिए उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

# शादी का फर्जी प्रमाण पत्र मामलाः सीएमओ ने एफआईआर के लिए लिखा टीआई को पत्र

### मामले की जांच कर एफआईआर करने के लिए लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगरपालिका परिषद इटारसी की सीएमओ रितु मेहरा ने उनके नाम व पदनाम की सील का दुरुपयोग करते हुए शादी का फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए सिटी पुलिस को आवेदन दिया है। उन्होंने पत्र में बताया कि नगरपालिका द्वारा जारी एक अन्य विवाह प्रमाण पत्र का उपयोग करते हुए दूसरा प्रमाण पत्र बनवाया गया है। जिसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा कि इस जालसाजी में जो भी गिरोह या व्यक्ति शामिल हैं, उन पर एफआईआर दर्ज की जाए।

यह लिखा है सीएमओ ने टीआई को पत्र- सीएमओ रितु मेहरा ने अपने पत्र में आधार केंद्र संचालक चेतन पटैल, के पत्र दिनांक 10.07.24 को लिखे पत्र का उल्लेख करते हुए लिखा है कि 09.07.2024 को आधार सेवा केंद्र पर आवेदक कृष्णा बावरिया पुत्र राधेलाल बावरिया निवासी वार्ड नं 08 सुदामा नगर मोबाईल नं 7987195637 के द्वारा अपनी धर्मपत्नि शरिया बाबरिया के आधारकार्ड में पति का नाम दर्ज करने के लिये विवाह प्रमाणपत्र ( पंजीकरण क्रमांक : आरएस/ 343/ 2307/ 449/2024 बुक नं 3332 दिनांक 08.05.2024 प्रस्तुत किया है परंतु दस्तावेज वेरीफाय करते समय उक्त विवाह प्रमाणपत्र फर्जी पाया गया है जो कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी की पदमुद्रा से जारी हुआ है।

उक्त विवाह प्रमाणपत्र की जांच करने एवं दोषियों पर कड़ी कार्यवाही का उल्लेख किया गया है। उक्त संबंध में इस निकाय द्वारा लोकसेवा पोर्टल द्वारा जारी विवाह प्रमाणपत्रों की जांच करने पर पाया कि बुक नं 3332 पर समीम अहमद पुत्र बशीर अहमद खान के नाम से विवाह प्रमाणपत्र जारी होना दर्ज है न कि कृष्णा बाबरिया पुत्र राधेलाल बाबरिया। साथ ही पंजीकरण क मां क आरएस/343/2307/449/2024 का जो क्रम है वह भी सही नहीं है। आवेदक कृष्णा बावरिया पुत्र राधेलाल बावरिया निवासी वार्ड नं 08 सुदामा नगर के द्वारा प्रस्तुत विवाह प्रमाणपत्र गलत / शासकीय दस्तावेज से छेडछाड / कूटरचना कर निर्मित किया गया है। अतः उक्त संबंध में संबंधित के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कर प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

इस संबंध में नपा अध्यक्ष पंकज चौरे का कहना है कि मामला गंभीर होने के कारण इसकी जांच के लिए पुलिस को सीएमओ द्वारा पत्र भेजा गया है। हमारा मानना है कि इसमें जांच होनी चाहिए और जिन भी लोगों और गिरोह ने यह कार्य किया है, उन पर एफआईआर दर्ज हो। जिससे इस तरह का फर्जीवाडा करने के पहले लोग 10 बार सोचें।

## रोजगार मेला 18 को लगेगा

**नर्मदापुरम।** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु रोजगार मेला का आयोजन 18 जुलाई को प्रातः 11.00 बजे से 4:00 बजे तक भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा केसला में किया जा रहा है।

## रमेश राजपूत दूसरी बार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष निर्वाचित

**इटारसी।** इटारसी बार एसोसिएशन के चुनाव में रमेश राजपूत भज्जू बमबम को अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष पद के लिए दूसरी बार चुना है। इससे पूर्व वे कुछ वर्ष पहले भी अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। उपाध्यक्ष पद पुरुष पर मनीष बाजपेयी, उपाध्यक्ष महिला ममता नागेश और सचिव पारस जैन पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। रविवार हुए चुनाव में सह सचिव विजय दुबे, कोषाध्यक्ष राजेश चौरे तथा कार्यकारिणी सदस्यों में राघवेन्द्र पांडेय, अनिल कुमार शुक्ला, जिनेन्द्र कुमार जैन, जयप्रकाश शुक्ला चुने गये। अनुराग चौरे एवं भूरे सिंह भदौरिया को बराबर मत मिले। ग्रंथपाल का पद अधिवक्ता संघ आपसी सहमति से मनोनयन करके भरेगा।

# विजयासन मंदिर परिसर में महिलाओं ने लगाए पौधे, संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

महर्षिनगर में वीजासन देवी दरबार समिति की महिला मण्डल ने आज पौधरोपण मंदिर प्रांगण में किया।

इसमें उन्होंने फलदार पेड़ आम, अमरुद, आंवला एवं वेल्व पत्र इत्यादि के पौधे लगाए। पौधरोपण के दौरान समिति की सदस्यों में समिधा पाठक, आशु मालवीय, भगवती सिंह, अपर्णा यादव, नीलिमा केचे, रजनी मेहरा, सोनिलता, ममता बंग, उषा सोनी, सरिता सोलंकी, रेखा गोस्वामी आदि उपस्थित रहीं।



# अपनी समस्याओं को लेकर आज से बंद रहेंगे ब्लॉक के सभी निजी स्कूल

### शिक्षा माफिया जैसे शब्द से क्षुब्ध हो बंद का ऐलानः सोपास संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

अशासकीय विद्यालयों एवम शासकीय आदेश के बीच अनियमितताओं , असमताओ और पोर्टल में खामियों के चलते अभिवावकों और समाज के बीच से अशासकीय स्कूलों के प्रबंधकों / संचालकों को लेकर शिक्षा माफिया की संज्ञा दी जा रही है जिससे क्षुब्ध अशासकीय स्कूल संचालकों ने खामियों को सुधारने तक या आश्वासन मिलने तक अशासकीय स्कूल अनिश्चित कालीन समय के लिए बंद रहेंगे ।

सौपास संगठन के तत्वावधान में सोहागपुर ब्लॉक के प्रायः प्रायः सभी अशासकीय स्कूल बंद रहेंगे । सोपास संगठन की बैठक के दौरान दो मुख्य बाते निकल कर आई कि सरकार हमे कहें कि आज से दो रोटी खानी है तो खा लेंगे लेकिन हमने तीन साल पहले कितनी रोटियां खाई और कितने बजे खाई ये आज बताना संभव कम ही है तो दूसरा मुख्य बिंदु पोर्टल में भिन्नता और खामियों के कारण अब समाज और अभिवावक हमे शिक्षा माफिया जैसे शब्दों की संज्ञा दे रही है जिससे हमारे आत्म सम्मान को ठेस पहुंचती है । पोर्टल की खामियों को सुधारें ताकी जो अभिवावको के मन का भ्रम दूर हो और हम उन्हे शिक्षा माफिया नही गुरु ही दिखें ।

सोपास संगठन नर्मदापुरम ने सभी निजी विद्यालयों से आह्वान किया गया है कि सरकार द्वारा फीस विनिमियन में दी जाने वाली जानकारी जिस पोर्टल के माध्यम से ली जा रही है उस ऑनलाइन पोर्टल में अत्यधिक खामियां हैं । विद्यालय संचालकों द्वारा यह मांग की जा रही है की प्रशासन पहले फीस जानकारी एकत्र करने वाले पोर्टल में सभी आवश्यक सुधार करें और उसके पश्चात आने वाले आगामी सत्र से सभी स्कूल संचालकों को व्यवस्थित प्रशिक्षण देकर उस पोर्टल में जानकारी देने हेतु आदेशित करें फीस विनिमियन द्वारा मध्यप्रदेश के राजपत्र 2020 में यह स्पष्ट उल्लेखित है की सभी निजी विद्यालयों को फीस से संबंधित जानकारी पोर्टल के माध्यम से ही देना है । लेकिन शासन द्वारा यह पोर्टल जिसे 2020 में शुरू होना था, वह पोर्टल सरकार द्वारा 2024 में शुरू किया गया है और प्रशासन द्वारा 2024 में पोर्टल शुरू करने के पश्चात 2020-21 से सभी स्कूलों से फीस की जानकारी मांगी जा रही है ।

इन छात्रों के दौरान कॉविड काल के दौरान इन शिक्षा सत्रों में स्वयं शासन द्वारा और माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा फीस को लेकर अलग-अलग निर्णय दिए गए हैं । जिसके कारण पोर्टल पर वास्तविक जानकारी भरने में अत्यंत असुविधा हो रही है । जिसके कारण शासन और स्कूल संचालक दोनों ही भ्रम की स्थिति में है ।.कूल संचालकों की सिर्फ एक ही मांग है कि सिर्फ आप पोर्टल को दुरुस्त कर फीस विनियम जानकारी भरने भरने हेतु भरने हेतु सभी शाला संचालकों को प्रशिक्षण दें । चूंकि आपके द्वारा इस पोर्टल पर अभी भी काम शेष है सो इसे दुरस्त कर इसे आगामी सत्र से प्रारंभ करें ।

सोपास संगठन के जिला अध्यक्ष आलोक राजपूत के आह्वान पर सोहागपुर सोपास ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर ने निजी तौर पर सभी स्कूल संचालकों से निवेदन किया है कि सभी सोमवार से होने वाले बंद को सफल बनाएं ।

# पीएम एक्सीलेंस कालेज के लाइव प्रसारण से जुड़े विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज के शुभारंभ अवसर पर वर्चुअल कक्षा 20 में सीधा प्रसारण किया गया। इश प्रसारण कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा मंत्री माननीय इंद्र सिंह परमार का उद्बोधन सुना, तत्पश्चात मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन का आशीर्वचन सुना इस उद्घाटन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री नई दिल्ली द्वारा किया गया।

इस प्रसारण कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 82 विद्यार्थियों उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज प्राचार्य प्रो.डॉ. कल्पना स्थापक , डॉ अशोक यादव, डॉ एसके झा प्रो. एसके अग्रवाल सहित सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा का भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ का भी उद्घाटन किया गया। अवसर पर मोदी का वीडियो जिसमें नई शिक्षा नीति 2020 तथा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में सुविधाओं संबंधित वीडियो भी दिखाया गया।





## पीएम एक्सीलेंस कॉलेज का उद्घाटन समारोह

**पिपरिया।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार आयुष के द्वारा ली गई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के निर्देशंकर गृहमंत्री के मुख्य अतिथि में तथा मुख्यमंत्री के अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण किया गया के लिए सही भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में प्रभावी प्राचार्य डॉक्टर डॉ राजीव महेश्वरी आईजी पटेल रवि कुमार विश्वकर्मा सिंह कुमार राकेश कुमार सिंह विकास कुमार प्रोफेसर किटी मोर डॉक्टर अनीता सेन महेंद्र कुमार चौक से स्वती त्रिपाठी सचिन सोनी कृष्ण कुमार पटेल मनीषा शुक्ल के साथ लगभग 250 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए कार्यक्रम का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अवलोकन किया तथा कॉलेज के प्रचार एवं स्टाफ द्वारा दिए गए प्रबोधन को भी सुना उनके द्वारा एक्सीलेंस कॉलेज के ऊपर अपने उद्बोधन में प्रकाश डाला गया।

# 24 को सोहागपुर से शिवभक्त निकालेंगे जटाशंकर कांवड़ यात्रा, होगा महादेव का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहापुर

जटाशंकर कावड़ यात्रा समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष नर्मदापुरम के सेठानी घाट से पचमढ़ी के जटाशंकर महादेव तक विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाता है। यह कावड़ यात्रा 130 किलोमीटर की होती है जिसमें सैकड़ो की संख्या में कावड़िया नर्मदापुरम के सेठानी घाट से मां नर्मदा का जल भरकर जटाशंकर महादेव जी का जल अभिषेक करने के लिए पचमढ़ी पहुंचते हैं। इस वर्ष यह यात्रा का 22 वॉ वर्ष है। प्रतिवर्ष यात्रा श्रावण मास के प्रथम श्रावण सोमवार से शुरू होकर द्वितीय श्रावण सोमवार को जटाशंकर पहुंचती है जहां पर कावड़ियों द्वारा जटाशंकर महादेव का जल अभिषेक किया जाता है। कावड़ यात्रा का शुभारंभ 22 जुलाई को नर्मदापुरम के सेठानी घाट से काले महादेव का अभिषेक करने के पश्चात होगा। इससे पहले सभी कावड़िया 21 जुलाई दिन रविवार को शाम 3 बजे मां नर्मदा को इस पार से उस पार की चुनरी चढ़ाएंगे एवं मां नर्मदा को दीपदान करेंगे। 22 जुलाई को यात्रा नर्मदापुरम के सेठानी घाट से प्रारंभ होकर आंचलखेड़ा पहुंचेगी जहां पर रात्रि विश्राम के पश्चात मंगलवार 23 जुलाई को यात्रा सेमरी हरचंद पहुंचेगी सेमरी हरचंद में रात्रि विश्राम करेगी, रात्रि विश्राम के पश्चात 24 जुलाई दिन बुधवार को सोहागपुर पहुंचेगी जहां पर कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात्रि विश्राम के पश्चात 25 जुलाई दिन गुरुवार को यात्रा पिपरिया के लिए प्रस्थान करेगी। इसके बाद यात्रा पिपरिया, मटकुली, पगारा में विश्राम करते हुए 28 जुलाई शाम पचमढ़ी पहुंचेगी जहां पर सभी कावड़िया 29 जुलाई दिन सोमवार को सुबह जटाशंकर महादेव जी का मां नर्मदा जी के जल से जलाभिषेक करेंगे।



### दिव्यांग कल्याण विकास परिषद ने की पेंशन वृद्धी की मांग, ज्ञापन सौंपा

# दूसरी मंजिल पर है पुर्नवास केंद्र हमें होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को ज्ञापन दिया। दिव्यांगजनों द्वारा पुर्नवास केंद्र को दूसरी मंजिल से पहली मंजिल पर नीचे प्रारंभ करने और पेंशन वृद्धी की प्रमुख मांगे रखी गई। दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद अध्यक्ष श्रवण कुमार वास्तवार ने बताया कि दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र दूसरी मंजिल पर सीहोर में संचालित जहां पर उपर जाने के लिए कोई दिव्यांग रैंप भी नहीं है जिस कारण हमेशा दिव्यांगों को उपर जाने में परेशानियों का सामना करना होता है शीघ्र दिव्यांग हित में पूर्नवास केंद्र को नीचे पहली मंजिल पर लाना चाहिए। दिव्यांगजनों को काफी कम छ सौ रूपये माह पेंशन राशि दी जा रही है जिस से दिव्यांगों का बड़ती महंगाई में पालन पोषण नही हो पा रहा है दिव्यांगजन सहायत पेशन राशि को तीन हजार रूपये प्रति माह किया जाना चाहिए जिस से की दिव्यांग भी सम्मान की जिन्दगी जी सकें।



शिक्षित दिव्यांग बेराजगारी के शिकार है सरकारी नौकरियों में अधिक आरक्षण दिया जाए और स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाना चाहिए। सभी दिव्यांगों को पेट्रोल चलित या बेटरी चलित तीन पहिया वाहन (स्कूटी या ट्रायसिकल) उपलब्ध कराई जाए और दिव्यांगो का राशन कार्ड बनाकर मुफ्त राशन भी दिया जाना चाहिए। जिला चिकित्सालय में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनावाने के लिये नीचे के फलोर पर एकल खिडकी की व्यवस्था की जाये जिससे की दिव्यांगजनों को परेशानी से मुक्ति मिल जाए। ज्ञापन देने वालों में कमलेश राठौर, संतोष प्रजापति, योगेश यादव, कलीम, सुखविंदर सिंह, लक्ष्मीनारायण सेन, संतोष, राजकमल,देवराज मालवीय,नरबदा प्रसाद, कलीम खा, मुकेश प्रजापति, राहुल राठौर, जितेंद्र वर्मा, माखन यादव,उमा राठौर आदि दिव्यांगजन शामिल रहे।

# पिता की डांट से घर छोड़कर गई नाबालिग, 48 घंटे बाद मिली

**भैरूंदा।** क्षेत्र के पांडा गांव की एक 16 वर्षीय नाबालिग घर से स्कूल में दाखिला कराने के लिए बीते 10 जुलाई को घर से निकली थी। इसी दिन देर शाम को नाबालिग ने अपने पिता को फोन किया और कहा कि मैं हमेशा के लिए आपसे दूर जा रही हूं। मैं किसी का फोन का नहीं उठाऊंगी।

पुत्री की बात सुनकर पिता ने उलटे पैर दौड़ लगाई और आकर इसकी सूचना थाने में दी। पुलिस ने नाबालिग की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर 48 घंटे में ही नाबालिग को ढूंढ़ निकाला और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि पांडा गावं की एक 16 वर्षीय नाबालिग अपने पिता की डांट से परेशान हो चुकी थी। उसने परिजनों से तंग आकर घर से दूर जाने का निर्णय ले लिया था। बीते 10 जुलाई को वह नगर के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में एडमिशन कराने के नाम पर घर से निकली और उसने पिता को फोन पर बोला कि वह घर नहीं लौटेगी। पुत्री की बात सुनकर पिता थाने आया और उसने सारा घटनाक्रम पुलिस को बताया। इसके बाद पुलिस टीम ने नगर के यात्री बस स्टैंड पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि नाबालिग होशंगाबाद की बस में बैठकर निकली। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर नाबालिग को बाबई के पास से बरामद कर पिता के सुपुर्द किया।

## खबर संक्षेप

### सर्किट हाउस परिसर में किया पौधारोपण



**हरदा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में इन दिनों पौधरोपण का कार्य जारी है। इस अभियान के तहत रविवार सुबह सर्किट हाउस परिसर में कलेक्टर आदित्य सिंह और जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्किट हाउस में लगाए गए पौधों की सुरक्षा और सिंचाई का ध्यान रखें, ताकि यह पौधे विकसित होकर वृक्ष बन सकें। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, एसडीम कुमार शानु देवडिया, डिप्टी कलेक्टर अशोक डेहरिया और कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सुभाष पाटिल मुख नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार सहित कलेक्ट्रेट एवं अन्य विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

### वेयर हाउस गोदाम से तुअर के 18 कट्टे चोरी, पुलिस में शिकायत

**बुरहानपुर।** शाहपुर में एक वेयर हाउस गोदाम से तुअर के 18 कट्टे चोरी हो गए। इसकी शिकायत शाहपुर थाने में की गई है। शिकायतकर्ता विनोद पिता मधुकर गवई 49 शाखा प्रबंधक बुलढाणा अर्बन को-ऑपरेटिव केडिट सोसायटी लिमि बुलढाणा शाखा शाहपुर निवासी गोदावरी नगर मुक्ताई नगर ने थाने में शिकायत की कि 11 जुलाई को सुबह करीब 6 बजे बुलढाणा अर्बन वेयर हाउस के चौकीदार शालिकराम पिता लक्ष्मण पाटील ने मुझे मोबाइल पर सूचना दी कि वेयर हाउस के एक गोडाउन में चोरी हो गई हैं। गोडाउन का शटर उचकाया गया हैं सूचना मिलने पर में वेयर हाउस पहुंचा। देखा एक गोडाउन का शटर उचका हुआ था। अंदर जाकर चेक किया तो गोडाउन में रखे तुअर के कट्टों में से 60 60 किलो के 18 कट्टे नहीं थे। कीमत करीब 1.20 लाख है। रात में कोई अज्ञात बदमाश चुराकर ले गयां। काफी तलाश करने पर नहीं मिले। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

### आज नेपानगर आएंगे अंतरसिंह आर्य

**बुरहानपुर।** सोमवार को नेपानगर में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य समाजजन को संबोधित करेंगे। वह दोपहर 12 बजे नेपानगर पहुंचेंगे। नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर आदिवासी समाजजन से चर्चा करेंगे। नगर पालिका की ओर से उपयंत्रियों सहित अन्य अफसर, कर्मचारियों की मंच व्यवस्था, कुर्सी, टेबल आदि व्यवस्थाएं जुटाने के लिए ड्यूटी लगाई गई है। 15 जुलाई को आयोग अध्यक्ष नाइट हॉल्ट बुरहानपुर में करेंगे। 16 जुलाई को सुबह 10 बजे अनुसूचित जाति जनजाति समाजजन से चर्चा करेंगे। 11.45 बजे कलेक्टर कार्यालय में बैठक लेंगे। कलेक्टर, एसपी, जनजातीय विभाग सहित सभी विभाग प्रमुख मौजूद रहेंगे। दोपहर 3 बजे बुरहानपुर से सेंधवा के लिए रवाना होंगे।

### 24 घंटे में खिरकिया में 20.4 मिमी बारिश हुई



**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में खिरकिया में 20.4 मिमी, वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 199.5 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 236.6 मिमी, टिमरनी में 162.2 मिमी, खिरकिया में 157.8 मिमी, रहटगांव में 230.2 मिमी व सिराली में 210.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 14 जुलाई तक 280.9 मिमी औसत वर्षा हो चुकी थी।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित

# सरकार ने महाविद्यालय के विकास के लिए किए 9.25 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा का उन्नयन रविवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में हो गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ.आर के दोगने, पूर्व मंत्री कमल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह और उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत के साथ-साथ कलेक्टर आदित्य सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा एवं अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रदीप गौर ने की। इस अवसर पर एक्सीलेंस कॉलेज के विद्यार्थियों को लाने ले जाने के लिए कॉलेज बस का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ, कार्यक्रम के अतिथियों ने प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस गेट के साइनेज का फीता काटकर किया गया, इसके पश्चात सभी अतिथियों ने हिंदी ग्रंथ अकादमी के विद्यार्थी पुस्तक सहायता केंद्र और भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ का विधिवत उद्घाटन किया गया। साथ ही महाविद्यालय द्वारा चिन्हित ₹विद्या वन वाटिका₹ का अवलोकन भी अतिथियों द्वारा किया गया। पूर्व मंत्री कमल पटेल ने इस अवसर पर कहा कि स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय का उन्नयन ₹प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस₹ के रूप में होने से हरदा जिले के विद्यार्थियों को निश्चित ही नई-नई सुविधा मिलेगी। उन्होंने आशा प्रकट की कि इस नई सुविधा मिलने से विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में निश्चित ही सुधार आएगा।



भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ का उद्घाटन किया

उन्होंने कहा कि बस की सुविधा मिलने से ग्रामीण क्षेत्र से कॉलेज आने वाले विद्यार्थियों की परेशानी निश्चित ही कम होगी। क्षेत्रीय विधायक डॉ. आर के दोगने ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की सौगात मिलने पर विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दीं।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने इस अवसर पर बताया कि सरकार ने महाविद्यालय के विकास के लिए 9.25 करोड रुपए स्वीकृत किए हैं, जो कि एक बहुत बड़ी सौगात है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय पूर्व से ही संचालित है। नवीन विषय के रूप में अब बॉयोटेक्नोलॉजी, कम्प्यूटर सांइस, भूगोल, संस्कृत एवं संगीत का अध्यापन शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही क्रिस्प संस्था की भागीदारी से स्किल आधारित डिग्री प्रोग्राम भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आईआईटी दिल्ली के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय की पढ़ाई भी शुरू करने का प्रस्ताव है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

## आरोपियों को कोर्ट में पेश किया

# चोरी के मामले में 3 गिरफ्तार मास्टर माइंड अभी भी फरार






हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हंडिया थाना पुलिस ने ग्राम अबगांव कला में हुई चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है। जबकि चोरी की वारदात का मास्टरमाइंड फरार है। पुलिस कंट्रोल रूम में रविवार को एएसपी राजेश्वरी महोबिया ने बताया कि तीन दिन पहले, 11 जुलाई को ग्राम अबगांवकला के रहने वाले सोनू पिता कैलाश माणिक उम्र 25 साल ने हंडिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात आरोपियों ने उनके घर से चांदी के जेवर करदान, सिक्के, चार बिछिया, तीन अनूठी, सहित सोने के जेवर और एक एप्पल का मोबाइल चुराकर ले गए। पुलिस ने इस मामले में का मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस को फरियादी के घर के पास रहने वाले संदेही राजू उर्फ विष्णु पिता गंगाराम गारगे उम्र 26 साल को हिरासत में लेकर चोरी की घटना को लेकर पूछताछ की गई। जिसमें उसने अपने साथी सागर पिता शेरसिंह कुचबंदिया उम्र 26 साल निवासी पानी की टंकी मोहल्ला हरदा एवं कल्लू उर्फ नर्मदा के साथ चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद तीनों ने चोरी किए सोने एवं चांदी के जेवरात को आपस में बांट लिया था। वहीं चोरी किए गहनों को इंदौर के एरोड्रम रोड़ के गांधी नगर में रहने वाले ललित पिता किशोर राठौर उम्र 25 साल को बेच दिया था।



एएसपी महोबिया ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों के कब्जे से डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा कीमत के गहने व मोबाइल को जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी राजू उर्फ विष्णु गारगे पर पूर्व में भी ट्रेन में चोरी की वारदात करने को लेकर जीआरपी में मामले दर्ज है। वहीं दूसरा आरोपी सागर कुचबंदिया पर भी सिटी कोतवाली एवं सिविल लाइन थाने में मामले दर्ज है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

### विधायक तनवे ने बीएसडब्ल्यू द्वितीय वर्ष का पेपर दिया



**खंडवा।** विधायक कंचन तनवे ने एक बार फिर से शिक्षा के प्रति समर्पण और समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। रविवार को नीलकंठेश्वर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उन्होंने बीएसडब्ल्यू (बैचलर ऑफ सोशल वर्क) की परीक्षा दी। नेतृत्व क्षमता विकास के उद्देश्य से, जन अभियान परिषद द्वारा संचालित पाठ्यक्रम बीएसडब्ल्यू द्वितीय वर्ष की परीक्षा मेरे द्वारा दी गई। उनके इस प्रेरणादायक कदम ने न केवल उनके अनुयायियों बल्कि आम जनता के बीच भी एक मजबूत संदेश दिया की पढ़ाई की कोई उम्र नहीं होती। सुबह से ही नीलकंठेश्वर महाविद्यालय में एक विशेष हलचल देखी गई। कंचन तनवे के परीक्षा देने की खबर ने उनके समर्थकों और शुभचिंतकों को महाविद्यालय की ओर खींच लिया। जब वे परीक्षा केंद्र पहुंची, तो उनके साथ उनके कुछ कार्यकर्ता और समर्थक भी मौजूद थे। सभी ने मिलकर उन्हें परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं और 'ऑल द बेस्ट' कहकर उनका उत्साहवर्धन किया। कंचन तनवे न केवल एक सफल राजनीतिज्ञ हैं बल्कि एक समर्पित मां, ग्रहणी, और समाज सेवक भी हैं। इन सभी भूमिकाओं के बावजूद, उन्होंने शिक्षा को हमेशा प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने अपने बीएसडब्ल्यू की फर्स्ट ईयर की परीक्षा दी थी, तब वे जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर थीं। विधायक बनने के बाद भी उन्होंने अपनी शिक्षा जारी रखी और शहर के सुधार और विकास के लिए निरंतर काम किया।उन्होंने बताया कि शिक्षा किसी भी उम्र में शुरू की जा सकती है और यह हमेशा एक सशक्तिकरण का माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि जीवन के किसी भी मोड़ पर शिक्षा को जारी रखना संभव है और यह व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम है।

## कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक मंजू दादू सहित अन्य जनप्रतिनिधि हुए शामिल

# नेपानगर में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का विधिवत उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पं. जवाहरलाल नेहरु शासकीय महाविद्यालय नेपानगर का विधिवत उद्घाटन अमित शाह केन्द्रीय गृह मंत्री और डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के करकमलों से अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रुप में उन्नयन करते हुए किया गया। इस उद्घाटन का वर्चुअली प्रसारण मप्र के समस्त 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में व इस महाविद्यालय में किया गया। उद्घाटन के इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पाटील सांसद खंडवा की उपस्थिति से महाविद्यालय परिवार और नेपानगर शहर लाभान्वित हुआ।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह हमारे प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का ही सुखद परिणाम है कि आज बुरहानपुर जिले के लीड कॉलेज को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रुप उन्नयन होने का गौरवमयी उपहार मिला है। यह कॉलेज अनेक सुविधाओं से युक्त हो गया है।



विद्यार्थी इन सुविधाओं का लाभ उठाए और खूब पढाई करें। उन्होंने कहा कि जो माता-पिता भारी भरकम फीस चुकाकर अपने बच्चों को उत्कृष्ट संस्थानों में पढाने का सपना देखते थे, वे भी इस एक्सीलेंस महाविद्यालय में पढाकर अपना सपना पूरा कर सकेंगे। सभी के लिए यह संस्थान किसी उपहार से कम नहीं है। विद्यार्थियों के लिए 50 किलोमीटर की रेंज में बस चलाकर व 30 रुपए के मासिक शुल्क पर बस सुविधा उपलब्ध कराना, निःसंदेह नए भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस संस्थान में भारतीय ज्ञान परम्परा के तहत गुरु शिष्य परम्परा पुनः सृजन किया जा रहा है, अब शिष्य को भी अपने गुरु का ठीक वैसे ही मान सम्मान करना चाहिए, जैसा प्राचीन समय में होता रहा है। विद्यार्थी इन समस्त गुणों का अनुसरण करते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें।

### प्राइवेट जैसा माहौल नेपा कॉलेज में मिलना सुखद

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मंजू राजेन्द्र दादू ने कहा कि ग्रामीण इलाके में शहर जैसी सुविधा मिलना, प्राइवेट कॉलेज जैसा माहौल नेपानगर जैसे शहर में मिलना हमारे लिए गर्व, हर्ष का विषय है। अब विद्यार्थियों को इस अवसर का पूरा पूरा लाभ उठाना चाहिए। विद्यार्थी खूब मेहनत करें, खूब उन्नति करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, पिंटू जाधव, सुभान चौहान, नपाध्यक्ष भारती विनोद पाटील, उपाध्यक्ष सरला प्रवीण काटकर, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष छाया गुडगे, पूर्व नपाध्यक्ष राजेश चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रमसिंह चौहान, भाजपा नेता मनोज महेश्वरी, मनोज टंडन, डॉ. गौरव श्रीमाली, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान, शोभालाल जैन, संजय विजयवर्गीय, शिखा विजयवर्गीय, शैला अव्हाड, सरोज मुहासे, सुनिता वाजपेयी, ललित चौहान, हरिश निकम, लता दवे आदि मौजूद थे।

### बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 18 को दी निशुल्क सिलाई मशीन

**हरदा।** समाज की बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक-एक सिलाई मशीन प्रदान की गई। जिला मुख्यालय पर रविवार को हवेली गार्डन के पास कार्यक्रम आयोजित कर का समाज की 18 बेटियों को एक-एक सिलाई मशीन प्रदान की गई। बलाही समाज आरसी तिरोले संबोधित करते हुए कहा कि समाज को एक नई दिशा की ओर आने वाली पीढ़ी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज के द्वारा विशेष पहल की गई है। आने वाले दिनों में बेटियां आत्मनिर्भर बनेगी अपना खुद का रोजगार शुरू कर सकेगी समाज के द्वारा इस पहल का स्वागत किया जाता है।

# गोशाला में 101 पौधों का किया रोपण

**हरदा।** श्री कच्छ कड़वा पाटीदार सनातन समाज हरदा एवं टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन हरदा के संयुक्त तद्वावधान में रविवार को 101 पौधों का रोपण किया गया। दयोदय गोशाला मगरधा रोड परिसर में श्री विद्यासागर स्मृति वन विकसित करने की अभिनव पहल के तहत इन पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों के रूप में अनिल शुक्ला आईएफएस नर्मदा पुरम, अनिल चोपड़ा वन मंडल अधिकारी, संजय जैन एसडीओ फॉरेस्ट पूर्व मंत्री मंत्री कमल पटेल , गुजराती समाज के अध्यक्ष वीनश भाई पटेल अशोक जैन व ज्ञानेश चौबे उपस्थित थे।

अतिथियों को गोशाला की परंपरा से अवगत कराते हुए अध्यक्ष अनूप जैन ने गौशाला के विगत 25 वर्षों के कार्यों को उल्लेखित करते हुए कहा कि हम वृक्षारोपण के बाद पौधों की परवरिश होने तक उन्हें पूरी सुरक्षा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री का एक पौधा मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण अभियान है। हम सब उसमें सहभागी बने। उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अनिल शुक्ला, डीएफओ अनिल चोपड़ा ने भी विचार व्यक्त किये। संजय जैन गोशाला के अतीत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण की गोशाला की परंपरा एक अद्भुत परंपरा है। राजेश वर्मा ने कहा कि भूमंडलीय तापमान का यह खतरा पूरी दुनिया के लिए जनता का विषय है। वृक्ष लगाकर हम इसमें हम अपना सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम को नटवर भाई पटेल ने भी संबोधित किया। अंत में सभी आगंतुको के लिए रवि पटेल ने आभार व्यक्त किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक महिला एवं बच्चे उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत राजेन्द्र जैन, राजकुमार जैन नीलू भैया प्रदीप अजमेरा, सोहन उन्हाले,महेंद्र पटेल, संदीप पटेल और अमित राठी ने किया। कच्छ कड़वा पाटीदार महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल हरदा का सराहनीय योगदान रहा।





### एसडीएम ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण, सुविधाओं के संबंध में ली जानकारी



**खंडवा।** एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति ने शनिवार को ग्राम चिकढालियां, उदयपुर, बेड़ानी, पिपलानी एवं मूंदी की आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था, आंगनबाड़ी में बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली और खाने व नाश्ते की गुणवत्ता भी चेक की। उन्होंने ग्राम चिकढालियां में पौधारोपण भी किया। आंगनबाड़ी में बच्चों को फलों का वितरण भी किया। उन्होंने आंगनबाड़ी में इंफ्रास्ट्रक्चर की व्यवस्था के संदर्भ में जानकारी ली। विभागीय भवन की पुताई और मरम्मत के संबंध में भी जानकारी ली गई। एसडीएम ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी बच्चों और हितग्राहियों को शत प्रतिशत योजनाओं का लाभ मिले और सभी व्यवस्था सुचारू रूप से नियमानुसार संचालित हो। आंगनबाड़ी में बच्चों को अनुकूल माहौल मिले। इस दौरान परियोजना अधिकारी राजेंद्र सिंह सोलंकी और महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर अलका पटेल, सुनीता गोलसार और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## विद्यार्थियों के लिए बस सेवा का भी उद्घाटन किया

# निमाड़ को मिली सौगात, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का मंत्री शाह ने किया वर्चुअल उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने खंडवा के श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर अमृता अमर यादव, महापौर, खंडवा कंचन मुकेश तनवे विधायक खंडवा, नारायण पटेल विधायक और अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए 'बस सेवा' का भी उद्घाटन किया गया। इस समारोह में भाजपा के विभिन्न नेता और अधिकारीगण भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन के अवसर पर प्रदेश भर के 55 महाविद्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बड़ी एलईडी स्क्रीन पर किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के उद्बोधनों को ध्यानपूर्वक सुना। उद्घाटन समारोह में विशेष रूप से जिला कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, जिला पंचायत खंडवा के सीईओ शैलेंद्र सिंह सोलंकी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने कॉलेज में स्थापित 'भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ' और 'हिंदी ग्रंथ अकादमी' काउंटर का भी उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि अमृता अमर यादव ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. गणेश प्रसाद दावरे ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की अवधारणा और रोजगारपरक शिक्षा की महत्वपूर्णता को स्पष्ट किया। समारोह के दौरान एनसीसी और रासेयो के विद्यार्थियों ने प्रेरणादाई गीत प्रस्तुत किए।



# एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी में संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का किया आयोजन

**खंडवा।** एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी में पहली बार संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में खंडवा, हरसूद, पंधाना, पुनासा और बुरहानपुर से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में काशीराम बडौले, अपर कलेक्टर खंडवा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और माल्यार्पण के साथ हुआ। काशीराम बडौले का स्वागत एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी के स्पोर्ट्स मैनेजर विकास मोहे द्वारा किया गया। इस अवसर पर सतीश पटेल का स्वागत पवन पाटीदार ने किया। अपने उद्बोधन में काशीराम बडौले ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी खंडवा शहर की अच्छी एकेडमी है जहां बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, क्रिकेट, चेस और वॉलीबॉल जैसी विभिन्न खेलों की कोचिंग विशेषज्ञ कोचों द्वारा दी जाती है। यह एकेडमी शहर का सर्वश्रेष्ठ खेल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करती है। स्पोर्ट्स मैनेजर विकास मोहे ने बताया कि यह एकेडमी का पहला आयोजन है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन सभी खेलों के लिए आयोजित किए जाएंगे। एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्देश्य शहर में उत्कृष्ट खेल सेवाएं प्रदान करना है, जिसके लिए यहां प्रत्येक खेल के लिए सर्वश्रेष्ठ कोच नियुक्त किए गए हैं। इस आयोजन के सफल क्रियान्वयन के लिए संस्था सचिव प्रज्ञान गुप्ता, प्राचार्या डॉ. रीता सरमण्डल, प्रबंधक सतीश पटेल, पवन पाटीदार, अमित शर्मा और विकास मोहे ने शुभकामनाएं दीं।

